सत्र : 2020-2021

कक्षा : आठवीं

विषय : हिंदी (द्‌वितीय भाषा)

प्रश्न-पत्र की रूपरेखा (संशोधित)

समय : 3 घंटे **पूर्णांक : 75 + 05 (सुंदर लिखाई)=80 अंक**

आंतरिक मूल्यांकन की रूपरेखा =20 अंक

नोट : (i) 5 अंक सुंदर लिखाई के लिए निर्धारित किए गए हैं । अक्षरों व शब्दों के सामान्य आकार , अक्षरों की स्पष्टता , अक्षरों व शब्दों के बीच की निश्चित दूरी, लिखने में एकसारता व प्रवाहयुक्त लेखन आदि के आधार पर अध्यापक परीक्षार्थी की लिखाई का मूल्यांकन करेगा ।

(ii) प्रश्न-पत्र के 5 भाग (क से ङ तक) होंगे ।

(iii) प्रश्न-पत्र में कुल 7 प्रश्न होंगे।

(iv) सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य होंगे ।

भाग-क: वस्तुनिष्ठ उत्तरों वाले प्रश्न

प्रश्न-1.I बहुवैकल्पिक उत्तरों वाले प्रश्न : में पर्यायवाची शब्द, शब्द-शुद्धि, संज्ञा, सर्वनाम, कारक, विशेषण, क्रिया की पहचान, क्रिया-विशेषण से सम्बन्धित बहुवैकल्पिक उत्तरों वाले 19 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगे,जिनमें से 16 प्रश्नों के उत्तर देने होंगे।प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। 16x1=16

II.पाठ्य पुस्तक के कविता भाग के अभ्यासों में से 03 अति लघूत्तर बहुवैकल्पिक उत्तरों वाले प्रश्न पूछे जाएंगे,जिनमें से से दो के उत्तर देने होंगे।प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। 2x1=2

III. पाठ्य-पुस्तक में से बहुवैकल्पिक उत्तरों से सम्बन्धित चार कठिन शब्दों के अर्थ पूछे जाएंगे,जिनमें से 02 के उत्तर देने होंगे।प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। 2x1=2

IV.पाठ्य-पुस्तक के पद्यांश पर आधारित छह बहुवैकल्पिक उत्तरों वाले प्रश्न पूछे जाएंगे,जिनमें से 05 प्रश्नों के उत्तर देने होंगे।प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। 5x1=5

अन्य वस्तुनिष्ठ प्रश्न

नोट : इसमें हाँ/ नहीं अथवा रिक्त स्थानों की पूर्ति अथवा सही / गलत अथवा मिलान कीजिए किसी भी प्रकार के हो सकते हैं। प्रश्न पत्र निर्माता इनमें से किसी भी प्रकार से निम्नलिखित अनुसार यथोचित प्रश्न पूछ सकता है;

(V) में लिंग बदलो, वचन बदलो, विपरीत शब्द, भाववाचक संज्ञा निर्माण, विशेषण निर्माण, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द से सम्बधित उत्तरों वाले प्रश्नों में से आठ प्रश्न पूछे जाएंगे,जिनमें से छह वस्तुनिष्ठ प्रश्न को हल करना होगा। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। **6x1=6**

(VI) में पुरुष, काल, वाच्य, संबंधबोधक ,योजक तथा विस्मयादिबोधक की पहचान, विराम चिह्न, 'र' के विभिन्न रूप में से आठ प्रश्न पूछे जाएंगे,जिनमें से छह वस्तुनिष्ठ प्रश्न को हल करना होगा। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। **6x1=6**

भाग-ख

प्रश्न-2 पाठ्य-पुस्तक के गद्य भाग में से सात अति लघूत्तर प्रश्न पूछे जायेंगे, जिनमें से पाँच प्रश्नों के उत्तर लगभग एक-दो पंक्तियों में लिखने के लिये कहा जाएगा। 5x1=5

प्रश्न-3 पाठ्य-पुस्तक में से पाँच निबन्धात्मक प्रश्न पूछे जायेंगे, जिनमें से तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग चार-पाँच पंक्तियों में लिखने के लिये कहा जाएगा। 3x3=9

भाग-ग (रचनात्मक लेखन) (15)

प्रश्न-4 यह प्रश्न पत्र लेखन से सम्बन्धित होगा। इसमें 100 प्रतिशत आन्तरिक विकल्प दिया जाएगा। 8

प्रश्न-5 कोई तीन विषयों पर संकेत बिंदु देकर उनमें से किसी एक विषय पर लगभग 140 शब्दों में निबन्ध लिखने के लिए कहा जाएगा। 7

भाग-घ मुहावरे एवं लोकोक्तियां (3)

प्रश्न-6 पाठ्य-पुस्तक में से पाँच मुहावरे/लोकोक्तियाँ देकर उनमें से किन्हीं तीन

मुहावरे/ लोकोक्तियों को वाक्यों में अर्थ स्पष्ट करने के लिए कहा जाएगा।

3x1=3

भाग-ङ **(अनुवाद)** **(6)**

प्रश्न-7 (i) इस प्रश्न में पंजाबी के छह शब्द देकर उनमें से किन्हीं चार का हिंदी में अनुवाद करने के लिये कहा जाएगा। 4x1=4

(ii) इस प्रश्न में पंजाबी के दो वाक्य देकर उनमें से किसी एक का हिंदी में अनुवाद करने के लिये कहा जाएगा। 1x2=2